# दुनियाभर को महाकाल की नगरी से मिलेगी अध्यात्म के साथ विकास की दिशा

## राज्यसभा से लेकर लोकसभा सांसद ने संभाला मोर्चा, महाकुंभ के तहत सुविधाओं पर किया फोकस, अफसर भी रहे मौजूद

**उज्जैन।** महाकाल की नगरी से दुनिया भर को एक नई दिशा मिल रही है। 50 करोड़ श्रद्धालु जिस एक ही शहर में आने वाले हैं। ऐसे मे उन्हें चारों तरफ सुविधा प्राप्त हो ऐसा नगर बनाए जाने की परिकल्पना मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में की जा रही है। इसी के तहत राज्यसभा सांसद से लगाकर लोकसभा सांसद ने दिशा की बैठक लेकर मॉनिटरिंग की।

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर की नगरी उज्जैन आगामी सिंहस्थ महाकुंभ-2028 की तैयारियों में पूरी ताकत के साथ जुट चुकी है। देश-दुनिया से आने वाले करीब 50 करोड़ श्रद्धालुओं की संभावित आमद को देखते हुए शहर में लगभग 30 हजार करोड़ रुपए के विकास कार्य युद्धस्तर पर चल रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गृह नगर में हो रहे इन कार्यों को निर्माण के मद्देनजर उज्जैन सांसद अनिल फिरोजिया ने दिशा की बैठक ली।




दुनिया भर में भविष्य के तहत उज्जैन विकास की आधारशिला माना जा रहा है। ऐसे में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने स्पष्ट कर दिया है कि हर निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित और तय समय-सीमा में पूरा होना चाहिए, ताकि सिंहस्थ से पहले शहर पूरी तरह तैयार हो सके। बुधवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में सांसद अनिल फिरोजिया ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि सिंहस्थ-2028 केवल उज्जैन का नहीं, बल्कि पूरे देश की आस्था का सबसे बड़ा आयोजन है। करोड़ों श्रद्धालु महाकाल की नगरी में पहुंचेंगे। इसलिए विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता रहे और तय समय-सीमा का हर हाल में पालन किया जाए। विशेष रूप से श्रावण और भादौ माह में निकलने वाली भगवान महाकाल की पारंपरिक सवारी की तैयारियों पर चर्चा हुई। सड़कें दुरुस्त हों, कहीं खुदाई या अवरोध न रहे और श्रद्धालुओं सहित शहरवासियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने स्पष्ट कहा कि धार्मिक आयोजनों की गरिमा के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना सभी विभागों की जिम्मेदारी है।

### शहरवासी भी परेशान न हों-गैस लाइन, पाइपलाइन और सीवरेज कार्य

समीक्षा के दौरान सांसद ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों के दौरान आम नागरिकों की परेशानी को न्यूनतम रखा जाए। सड़क निर्माण, पाइप लाइन, सीवरेज और अन्य परियोजनाओं के कारण यातायात या दैनिक जीवन अधिक प्रभावित न हो। साथ ही सिंहस्थ और महाकाल दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को शहर में सुगम यातायात, बेहतर सड़कें और व्यवस्थित सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों का उद्देश्य जनता को सुविधा देना है, परेशानी बढ़ाना नहीं। सिंहस्थ और मास्टर प्लान के तहत चल रहे गैस लाइन, पाइपलाइन और सीवरेज नेटवर्क के कार्यों की भी समीक्षा की गई। सांसद ने निर्देश दिए कि इन परियोजनाओं में सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन किया जाए। किसी भी प्रकार की तकनीकी लापरवाही भविष्य में बड़े हादसों का कारण बन सकती है, इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। जहां पाइपलाइन बिछाई जाए, वहां सड़कों का पुनर्निर्माण भी शीघ्र कराया जाए ताकि लोगों को लंबे समय तक परेशानी न उठानी पड़े।

### गुणवत्ता से नहीं होगा समझौता

मानसून को देखते हुए विद्युत विभाग को बिजली के पोल, तारों और अन्य उपकरणों का नियमित संधारण करने के निर्देश दिए गए। सांसद ने कहा कि वर्षा ऋतु में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और अधिकारी फील्ड में रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी करें। विकास कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने कहा कि यदि किसी भी परियोजना में लापरवाही या घटिया निर्माण की शिकायत मिली तो संबंधित अधिकारियों और एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में राज्यसभा सांसद बाल योगी उमेश नाथ जी महाराज उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा महापौर मुकेश टटवाल नगर निगम सभापति कलावती यादव से लगाकर अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहेइधर .कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सभी विभागों को स्पष्ट संदेश दिया गया कि सिंहस्थ-2028 की तैयारियों में समय, गुणवत्ता और जनसुविधा इन तीनों बिंदुओं पर किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## एक नजर में



### ग्राम पंचायत बकानिया में किया पौधारोपण

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश शासन के एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत बकानिया में व्यापक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत उज्जैन संदीप यादव ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में जनपद पंचायत उज्जैन से उपस्थित बीपीओ दिलीप मीणा, एडीईओ सुनील जाट, अनुरागी, विजय गोयल, विक्रम सिंह झाला एवं महेश बैरागी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की चयनित नवांकुर संस्था देव संजीवन सामाजिक कल्याण संस्था ने पौधारोपण में सक्रिय सहयोग प्रदान किया गया। कार्यक्रम में अरुण व्यास, कुलदीप राजपुरोहित, जितेंद्र डामेचा और ग्राम पंचायत के लाखन सिंह राठौड़, राधेश्याम कुमावत, दिलीप सिंह, देवेंद्र जाट, नारायण माल सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### बारिश में सुरक्षा मानकों का पालन करें

**उज्जैन।** संभाग आयुक्त एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के अंतर्गत संचालित निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता, समय-सीमा तथा वर्षा ऋतु के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा भी बैठक में उपस्थित रहे। सिंहस्थ मेला कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में उज्जैन विकास प्राधिकरण, नगर निगम एवं स्मार्ट सिटी द्वारा संचालित सड़क चौड़ीकरण, नवीन मार्ग निर्माण तथा अन्य आधारभूत विकास कार्यों की प्रगति का विभागवार प्रस्तुतिकरण किया गया। संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने सभी निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि वर्षा ऋतु के दौरान निर्माण स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। संभाग आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों के दौरान निर्धारित गुणवत्ता मानकों का पूर्णत: पालन किया जाए। बैठक में यूडीए के संदीप सोनी, संदीप शिवा सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### आबकारी विभाग ने 60 पौधों को रोपा

**उज्जैन।** शासन के निर्देशानुसार, अधिक से अधिक पौधारोपण किये जाने के लिए चलाए जा रहे हैं विशेष पौधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में, सहायक आबकारी आयुक्त निधि जैन ने शासकीय मानसिक रूप से अविकसित बच्चों के आवासीय परिसर में मानसिक रूप से अविकसित एवं दृष्टि, श्रवण बाधितार्थ बच्चों के साथ विभिन्न प्रजाति के फलदार एवं छायादार, लगभग 60 पौधों का रोपण विद्यालय परिसर में किया। इस मौके पर सामाजिक न्याय विभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर सतीश सोलंकी तथा ज़िले की विभिन्न तहसीलों में पदस्थ, सहायक जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी उप निरीक्षक, मुख्य आरक्षक, आरक्षक, विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### पं. अयाचित का सम्मान 11 को होगा

**उज्जैन।** शहर के सुप्रसिद्ध नृत्य गुरु, कला साधक और उद्घोषक पं. सुदर्शन अयाचित को बेंगलुरु की संस्था उषास फाउंडेशन द्वारा नृत्य कला के क्षेत्र में प्रतिष्ठित उषास भक्ति गौरव सम्मान प्रदान करने की घोषणा की गई है। यह सम्मान समारोह 11 जुलाई को बेंगलुरु स्थित स्काउट गाइड सभागृह में आयोजित होगा। समारोह का आयोजन भारत सरकार और कर्नाटक सरकार के संस्कृति विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान उषास फाउंडेशन की निदेशक कलामणि डॉ. संगीता कंबीलन द्वारा पंडित अयाचित को इस राष्ट्रीय स्तर के सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। जानकारी जयंत तेलंग ने दी।

# युवा शिव सेना ने फूंका पाक पीएम का पुतला

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश में हाल ही में 8 संदिग्ध आतंकियों की गिरफ्तारी के बाद बुधवार को युवा शिव सेना गौ रक्षा न्यास ने देवास गेट बस स्टैंड चौराहे पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और आतंकवाद का पुतला फूंका। संगठन के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष सिंह चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इसमें गिरफ्तार आतंकियों के मददगारों पर राष्ट्रद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है।



ज्ञापन में मुख्य रूप से महाकाल मंदिर की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ करने की मांग रखी गई। संगठन ने कहा कि बाबा महाकाल की सवारी मार्ग के संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की जाए और संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन कर उनकी जांच हो। इस अवसर पर मुरली निगम, राजकुमार झांझोट, कृष्ण मालवीय और मुकेश कुमावत मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सिंह ने सात को छह-छह माह के लिए जिलाबदर किया

**उज्जैन।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रौशन कुमार सिंह ने सात व्यक्तियों को छह-छह माह के लिए जिला बदर किया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश के तहत थाना चिमनगंजमंडी निवासी शुभम ऊर्फ शिवम ऊर्फ बंदर पिता गोविंद दास बैरागी, थाना नागझिरी निवासी आकाश पिता भेरूलाल चुडिया, थाना निलगंगा निवासी अभिषेक ऊर्फ कालू पिता पप्पू भाटी, थाना नानाखेड़ा निवासी दिलीप पिता हीरालाल चौहान, थाना महिदपुर निवासी घनश्याम पिता धुलजी, थाना तराना निवासी जगदीश पिता भीमा और थाना महाकाल निवासी मोहम्मद अकबर पिता मोहम्मद सईद को मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत उज्जैन जिला एवं उज्जैन जिले की सीमावर्ती जिले देवास, इंदौर, रतलाम, शाजापुर, मंदसौर, धार एवं आगर मालवा की राजस्व सीमाओं से छह माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है और आदेशित किया गया है कि वें 48 घंटे के अंदर जिले की सीमाओं से बाहर चले जाए। यदि उक्त अनावेदकों के विरूद्ध कोई प्रकरण उज्जैन जिले में स्थित न्यायालय में चल रहा हो तो वे नियत पेशी पर उपस्थित हो सकेंगे, परन्तु इसके पूर्व अनावेदक को संबंधित थाना प्रभारी को लिखित में सूचना देनी होगी। न्यायालय में पेशी होने के तुरन्त पश्चात कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी न्यायालय के आदेश का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

# हिरासत में आया अस्पताल से भागा धोखाधड़ी का आरोपी

▶ **मकान के सौदे में दिया था धोखा, तीन घंटे की तलाश में दबोचा**

**उज्जैन।** मकान का सौदाकर धोखाधड़ी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस जेल से प्रोटेक्शन रिमांड पर लेकर आई थी। बुधवार को मेडिकल कराने अस्पताल लेकर पहुंचे जहां से एक आरोपी भाग निकला था जिसे 3 घंटे की तलाश के बाद पुलिस ने फिर से हिरासत में लिया है। चिमनगंज थाना क्षेत्र के तिरुपतिधाम कॉलोनी में रहने वाले राहुल मालवीय और उसकी मां जयश्री मालवीय ने इंदिरानगर में रहने वाले नीरज पिता करुणा निधि श्रीवास्तव के खिलाफ मकान बेचने के नाम पर की गई लाखों की धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया था। तीनों को जेल भेजा जा चुका था। लेकिन तीनों के खिलाफ एक और मामला धोखाधड़ी का सामने आया उक्त मामले में भी पुलिस में प्रकरण दर्ज किया और तीनों को पूछताछ के लिए जेल से प्रोटेक्शन वारंट पर थाने लेकर आई। बुधवार को तीनों को मेडिकल परीक्षण के लिए चरक अस्पताल लाया गया। जहां से पुलिस को चकमा देकर धोखाधड़ी का आरोपी नीरज श्रीवास्तव भाग निकला। आरोपी के भागने पर हड़कंप मच गया और उसकी सरगर्मी से तलाश शुरू की गई। 3 घंटे बाद खबर मिली कि अस्पताल से भागा आरोपी बहादुरगंज क्षेत्र की एक धर्मशाला में छुपा हुआ है। पुलिस ने चारों ओर से घेराबंदी की और फरार आरोपी को हिरासत में ले लिया। दौरान आरोपी ने धर्मशाला से कूद कर भागने की कोशिश की लेकिन उसका पैर टूट गया। आरोपी के साथ धोखाधड़ी में शामिल मां और बेटे को गुरुवार दोपहर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# झपट्टा मारकर ट्रेन में सवार यात्रियों का छीन लेते थे मोबाइल

▶ **जीआरपी ने 2 को किया गिरफ्तार, नशे के आदी हैं दोनों बदमाश**

**उज्जैन।** चलती ट्रेन के गेट पर खड़े यात्रियों का झपट्टा मारकर मोबाइल छीनने वाले 2 बदमाशों को जीआरपी ने गिरफ्तार किया है। दोनों नशे के आदी है और आउटर पर पटरियों के पास खड़े होकर गेट पर खड़े होकर मोबाइल पर बात करने वाले यात्रियों को निशाना बनाते थे।

जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि 6 जुलाई को गुना के रहने वाले हेमंत जाटव ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह इंटरसिटी एक्सप्रेस के जनरल कोच के गेट पर खड़ा होकर यात्रा कर रहा था। ट्रेन के उज्जैन स्टेशन से रवाना होने पर उसने परिवार को कॉल करने के लिये मोबाइल निकाला। उसी दौरान आउटर पर 2 बदमाशों ने झपट्टा मारकर उसके हाथ से वीवो कंपनी का मोबाइल छीन लिया। ट्रेन गति पकड़ चुकी थी और दोनों बदमाश पटरियों के बीच से दौड़ते हुए भाग निकले थे। शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 304 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर तलाश शुरू कर प्रधान आरक्षक श्याम सुंदर चौबे, दशरथ मेहरा, आरक्षक जनक भदौरिया, दिलीप लोधी और अनुप नारोलिया की टीम गठित की गई। 24 घंटे में झपट्टा मारकर मोबाइल छीनने वाले दोनों आरोपी कान्हा मराठा और पुरूषोत्तम को जीरो पाइंट ब्रिज के पास आउटर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर वीवो कंपनी का मोबाइल बरामद किया गया है। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपियों के खिलाफ पूर्व में चोरी और मारपीट के प्रकरण दर्ज होना सामने आया है। दोनों उज्जैन के रहने वाले है।

### मंदिर में चोरी करने वाला निकला बाइक चोर

उज्जैन। तराना थाना प्रभारी रामनारायण सिंह भदोरिया ने बताया कि 2 दिन पहले समभाव पिता तकेसिंह पाटीदार, निवासी ग्राम इटावा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि श्री पूर्वमुखी हनुमान महादेव मंदिर में अज्ञात बदमाश में चोरी को अंजाम देकर पूजा-अर्चना में प्रयुक्त पीतल एवं तांबे के धार्मिक बर्तन, जलाधारी घड़ा, पूजा की थालियां एवं अन्य पूजन सामग्री, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 20 हजार थी। मंदिर में हुई चोरी को लेकर पुलिस ने बदमाश का पता लगाने के लिए टीम गठित की और बुधवार को भगवान पिता नारायण सिंह 35 वर्ष, निवासी ग्राम बरोठिया, थाना माकड़ोन, जिला उज्जैन को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर उसने मंदिर में वारदात करना स्वीकार कर लिया वहीं अन्य मामलों के संबंध में पूछताछ की गई तो उसके द्वारा 5 जुलाई को गोपाल पिता नारायणसिंह यादव, निवासी ग्राम पाचारुण्डी, जिला आगर-मालवा की तराना से ही मोटरसाइकिल क्रमांक एम पी -42-एम एफ- 1880 चोरी करना कबूल किया गया। थाना प्रभारी के अनुसार उस मंदिर से चोरी हुई पूजन सामग्री बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

# सड़क के किनारे पर खड़ा सीमेंट से भरा ट्राला नाले में गिरा

**जमीन धंसने पर हुई घटना लाखों रुपए का नुकसान**

**उज्जैन।** बुधवार सुबह एमआर-5 मार्ग पर सड़क किनारे खड़ा सीमेंट से भरा ट्राला अचानक जमीन धसने पर नाले में जा गिरा। सीमेंट की बोरियां गीली होने पर लाखों का नुकसान होना बताया जा रहा है।

राजस्थान के रामगंज मंडी का रहने वाला अंकित पिता तुलसीराम 20 साल राजस्थान के मोडक स्थित सीमेंट फैक्ट्री से ट्राले में 840 सीमेंट की बोरियां भरकर बुधवार सुबह उज्जैन स्थित चिमनगंज थाना क्षेत्र के एमआर-5 मार्ग पर शिव शक्ति ट्रेडर्स पहुंचा था। उसने दुकान के सामने सड़क किनारे नाले के पास ताला खड़ा किया और शिव शक्ति ट्रेडर्स के मालिक प्रेम मीणा को कॉल किया। प्रेम मीणा के आने पर चालक ने सीमेंट खाली करने की बात कही। जिस पर दुकान के समीप ही बने गोदाम तक ट्राला ले जाने की बात कही गई। चालक ट्राला स्टार्ट करता उससे पहले ही नाले के पास की जमीन अचानक धंसने गई और ट्राला नाले में पलटी खा गया। बारिश के चलते नाले में पानी का बहाव तेज था सीमेंट की बोरियां गीली हो गई। जिसके चलते शिव शक्ति ट्रेडर्स के मालिक को 3.50 लख रुपए का नुकसान होना बताया जा रहा है।



### नाले की चौड़ाई भी 15 फीट से अधिक हुई

ट्राला पलटने की खबर मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी क्रेन की मदद से ट्राले को नाले से बाहर निकाला गया है। प्रेम मीणा ने बताया कि कुछ दिन पहले ही इसी तरह टाइल्स से भरा ट्राला नाले में गिरा था। क्षेत्र में मार्ग निर्माण का कार्य चल रहा है ठेकेदार ने नाले के किनारे ठीक से निर्माण नहीं किया गया है। नाले की चौड़ाई भी 15 फीट से अधिक हो चुकी है आसपास भराव नहीं होने पर वाहन पलटने की घटना हो रही है।

# 4 अगस्त को निकलेगी समर्पण कांवड़ यात्रा

**उज्जैन।** समर्पण सेवा समिति के तत्वावधान में इस वर्ष समर्पण कांवड़ यात्रा 4 अगस्त को निकाली जाएगी। यह यात्रा अपने पारंपरिक मार्गों से होते हुए श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचेगी, जहां भगवान महाकाल का जलाभिषेक किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों के सिलसिले में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ध्वज पूजन संपन्न हुआ। यह यात्रा इस वर्ष स्व. ओम अमरनाथ खत्री को समर्पित रहेगी। समर्पण सेवा समिति के सचिव राम भागवत ने बताया कि समिति बीते कई वर्षों से कांवड़ यात्रा का आयोजन कर रही है। इस वर्ष पूरे उज्जैन शहर में लगभग 5 हजार भगवा ध्वज लगाए जाएंगे। समिति के अध्यक्ष विजय जायसवाल ने बताया कि गुरुवार से शहर में भगवा ध्वज लगाने का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। उन्होंने सभी नगरवासियों और श्रद्धालुओं से यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनने की अपील की है। यात्रा संयोजक नारायण यादव और मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ओम जैन ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा और प्रदेश में धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराओं को मिल रहे प्रोत्साहन के चलते यह यात्रा निरंतर जनभागीदारी के साथ आयोजित की जा रही है। ध्वज पूजन कार्यक्रम में गिरीश जायसवाल, जमना यादव, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र आंजना, भाजपा नगर उपाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, प्रकाश शर्मा, दिनेश जाधौन, तुषार पंवार और मोहन गुरु सहित समर्पण सेवा समिति के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नकली नोट गिरोह में शामिल फरार आरोपी ने किया सरेंडर

**उज्जैन।** इंदौर-उज्जैन के बीच नकली नोट छापने और खपाने के मामले का खुलासा दिसंबर में पुलिस ने किया था। 2 आरोपियों से 17.50 लाख के नकली नोट बरामद किये गये थे। मामले में गिरोह का सरगना और उसका साथी फरार थे। मंगलवार को एक फरार आरोपी ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। जिसे 5 दिनों की रिमांड पर लिया गया है।

दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह में राज रॉयल कालोनी और पांड्याखेड़ी रेलवे ब्रिज के पास से नकली नोटों की डिलेवरी देने आये हिमांशु उर्फ चीनू पिता राजेश गौसर निवासी गऊघाट कालोनी और दिपेश पिता अनोखीलाल चौहान निवासी शिवगंगा सिटी हाटकेश्वर के पीछे को चिमनगंज थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उनके पास से 17.50 लाख के नकली नोट बरामद किये थे। पूछताछ में गिरोह से जुड़े सोनू टाटावत उज्जैन और सरगना राजेश बरबटे निवासी भोपाल के नामों का खुलासा हुआ था। पुलिस ने दोनों को आरोपी बनाकर तलाश शुरू की थी। पिछले 7 माह से दोनों का सुराग तलाशने के प्रयास जारी थे।



### न्यायालय से मांग पांच दिन का रिमांड

मंगलवार को चिमनगंज थाना पुलिस को खबर मिली कि नकली नोट गिरोह में शामिल सोनू टाटावत ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है। एसआई सुरेन्द्र मंडलोई कोर्ट पहुंचे और आरोपी से पूछताछ के लिये 5 दिनों का रिमांड मांगा। न्यायालय ने मामला नकली भारतीय मुद्रा से जुड़ा होने पर आरोपी को पुलिस रिमांड पर सौंप दिया। एसआई मंडलोई ने बताया कि अब गिरोह के मुख्य सरगना राजेश की तलाश है, रिमांड पर लिये गये आरोपी से उसके संबंध में पूछताछ की जायेगी और पता लगाया जायेगा कि मामले का खुलासा होने से पहले नकली नोट कहां-कहां खपाये थे।

**एक नजर में** ▶ **अब कोई विवाद नहीं, निर्मोही आखड़ा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का किया स्वागत**

# निरंजनी अखाड़ा में उज्जैन के शैव और वैष्णव संतों का मिलन

**उज्जैन।** बड़नगर रोड पर बुधवार को निरंजनी अखाड़े में उज्जैन के शैव और वैष्णव अखाड़ों के साधु-संतों का मिलन समारोह बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ संपन्न हुआ, जिसमें अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्री महंत डॉ. रवींद्र पुरी महाराज और निर्मोही अखाड़े के महंत मदन मोहन दास महाराज वृंदावन सहित सभी अखाड़ों के सन्त, महंत और साधु संत मौजूद थे।



इस अवसर पर महंत डॉ. रामेश्वर दास महाराज ने कहा कि संतों की लड़ाई जैसे पानी में लड़ मरो पर पानी अलग नहीं होता, वैसे ही हम उज्जैन के सन्त है, महंत भगवान दास महाराज ने कहा कि आज से हम लोगों के सब मतभेद खत्म हो गए है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत डॉ. रविंद्र पुरी महाराज ने कहा कि आज के इस परिदृश्य में जब हमारे सामने हरिद्वार नासिक और उज्जैन के कुंभ मेले सामने है। ऐसे में सब संतो का साथ अति आवश्यक है। ऐसे में श्री निर्मोही अखाड़ा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत मदन मोहन दास महाराज ने अखिल भारतीय अखाड़ा परिसर को समर्थन देकर तीनों मेले साथ करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जूना अखाड़े के राष्ट्रीय सचिव श्रीमंत रामेश्वर गिरि महाराज, महानिर्वाणी अखाड़े के महंत श्याम गिरि महाराज राधे राधे बाबा, आनंद आखड़ा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकरानन्द सरस्वती महाराज नाशिक, महामंडलेश्वर शांति स्वरूपानंद गिरि महाराज, महामंडलेश्वर ज्ञान दास जी महाराज, महामंडलेश्वर भगवान बापू, दिगम्बर आखड़ा के महंत रामचन्द्र दास महाराज, भगवान दास महाराज, सरंगारी महाराज, सेवा गिरि महाराज, कृष्णानन्द ब्रह्मचारी महाराज, विशाल दास सहित अखाड़ा परिषद के प्रबंधक डॉ. गोविंद सोलंकी मौजूद थे।